राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# सार्वजनिक सूचना
## 31 अगस्त 2022

**विषय : अनंतिम उत्तर कुंजी की चुनौती, OMR उत्तर पत्रक की स्कैन की गई छवियों का प्रदर्शन और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) –2022 के लिए दर्ज प्रतिक्रियाओं का प्रदर्शन– संबंधी।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने, **सार्वजनिक सूचना दिनांक: 25 अगस्त 2022** की निरंतरता में, अभ्यर्थियों को चुनौती देने के लिए वेबसाइट https://neet.nta.nic.in / पर **अनंतिम उत्तर कुंजी, OMR उत्तर पत्रक की स्कैन की गई छवियां और नीट (यूजी) –2022 के लिए दर्ज़ की गई प्रतिक्रियाओं** को अपलोड किया है। उत्तर कुंजी की चुनौती के लिए प्रक्रिया का उपयोग (संलग्न प्रारूप में) किया जा सकता है।

जिन अभ्यर्थियों को उत्तर कुंजी और/या दर्ज़ की गई प्रतिक्रियाओं पर आपत्ति है, वे प्रक्रियाओं (संलग्न के अनुसार) का पालन करते हुए इसे चुनौती दे सकते हैं। संबंधित विवरण इस प्रकार है:

| परीक्षा | प्रक्रिया/कार्यक्रम | प्रसंस्करण शुल्क | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| नीट (यू जी) – 2022 | i. उत्तर कुंजी चुनौती | i. प्रत्येक उत्तर कुंजी चुनौती के लिए ₹ 200/- (अप्रतिदेय) | 31 अगस्त 2022 | 02 सितंबर 2022 (रात्रि 11:50 बजे तक) |
| | ii. दर्ज़-प्रतिक्रिया चुनौती | ii. ₹ 200/- प्रत्येक प्रश्न के लिए (अप्रतिदेय) | | |

प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान, **डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/पेटीएम के माध्यम से 02 सितंबर 2022 (रात्रि 11:50 बजे तक)** तक किया जा सकता है। प्रसंस्करण शुल्क की प्राप्ति के बिना किसी भी चुनौती पर विचार नहीं किया जाएगा। **चुनौतियों को किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

अभ्यर्थियों द्वारा दी गई चुनौतियों का सत्यापन, **विषय विशेषज्ञों के पैनल** द्वारा किया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी की चुनौती सही पाई जाती है, तो उत्तर कुंजी को संशोधित किया जाएगा और तदनुसार सभी अभ्यर्थियों की प्रतिक्रियाओं पर उसे लागू किया जाएगा। संशोधित अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर, परिणाम तैयार और घोषित किए जाएंगे। व्यक्तिगत स्तर पर, किसी भी अभ्यर्थी को उसकी चुनौती की स्वीकृति/अस्वीकृति के बारे में सूचित नहीं किया जाएगा। **चुनौती के बाद विशेषज्ञों द्वारा अंतिम रूप दी जाने वाली कुंजी निर्णायक होगी। 02 सितंबर 2022 (रात्रि 11:50 बजे तक) कोई चुनौती स्वीकार नहीं की जाएगी।**

नीट (यूजी) –2022 से संबंधित अधिक स्पष्टीकरण के लिए, अभ्यर्थी neet@nta.ac.in पर ई-मेल लिख सकते हैं।

(डॉ० साधना पाराशर)
वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा)

# उत्तर कुंजी को चुनौती देने की प्रक्रिया

1. कृपया वेबसाइट https://neet.nta.nic.in / पर जाइए।
2. **'Apply for Answer Key Challenge (s)'** पर क्लिक कीजिए।
3. टेस्ट बुकलेट कोड का चयन कीजिए।
4. अपनी **आवेदन संख्या और जन्म तिथि** के साथ **लॉग-इन** कीजिए और प्रदर्शित सुरक्षा पिन दर्ज करते हुए उसे जमा कीजिए।
5. आप देखेंगे कि निम्नलिखित प्रश्न क्रमानुसार हैं :

| | | |
|---|---|---|
| **NEET (UG) – 2022** | **50+50+50+50 प्रश्न** | **भौतिकी/रसायन विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/प्राणी विज्ञान** |

6. कॉलम '***Correct Option'*** के तहत प्रश्न के आगे की संख्या NTA द्वारा उपयोग की जाने वाली सबसे उपयुक्त उत्तर कुंजी है।
7. यदि आप इस विकल्प को चुनौती देना चाहते हैं, तो आप अगले चार कॉलम में दिए गए विकल्पों में से किसी एक या अधिक विकल्पों का उपयोग चेक बॉक्स पर क्लिक करके ✓ कर सकते हैं
8. आप सहायक दस्तावेज अपलोड करना चाहते हैं तो इसके लिए आप **'Choose File'** का चयन कर सकते हैं और उसे अपलोड कर सकते हैं **(सभी दस्तावेज एक ही pdf फाइल में डालें)**।
9. **NEET (UG) - 2022** के लिए **भौतिकी/रसायन विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/प्राणि विज्ञान** के लिए अपने वांछित विकल्प पर क्लिक करने के बाद, **'Save your Claim'** और अगले स्क्रीन पर जाइए।
10. आप अपनी चुनौतियों को प्रदर्शित करते हुए एक स्क्रीन देखेंगे।
11. **'Save your Claim and Pay Fee Finally'** पर क्लिक कीजिए।
12. भुगतान का तरीका चुनिए और चुनौती दिए गए प्रत्येक प्रश्न के लिए **₹ 200/-** की दर से प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान कीजिए। **डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/पेटीएम** के माध्यम से भुगतान कीजिए।
13. सफल भुगतान के बाद, **उत्तर कुंजी चुनौती रसीद** डाउनलोड/प्रिंट कीजिए।

# OMR उत्तर पत्रक ग्रेडिंग और दर्ज प्रतिक्रियाओं की चुनौती के लिए प्रक्रिया

1.कृपया वेबसाइट https://neet.nta.nic.in / पर जाइए।

2.अपने **आवेदन संख्या और जन्म तिथि** के साथ लॉगिन करें और प्रदर्शित सुरक्षा पिन दर्ज कीजिए और उसे जमा कीजिए।

3.बाएँ फलक में **"OMR Challenge"** चुनिए।

4.**OMR Challenge लिंक** पर क्लिक कीजिए।

5.आप देखेंगे कि निम्नलिखित प्रश्न क्रमानुसार हैं :

| | | |
|---|---|---|
| **NEET (UG) – 2022** | **50+50+50+50 प्रश्न** | **भौतिकी/रसायन विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/प्राणी विज्ञान** |

6. उन प्रश्नों का चयन कीजिए जिनके लिए आप रिकॉर्ड की गई प्रतिक्रिया को चुनौती देना चाहते हैं।
7. ***'Captured Response as per OMR Sheet'*** कॉलम के तहत प्रश्न के आगे की संख्या **OMR** उत्तर पुस्तिकाओं में अभ्यर्थियों द्वारा चुने गए विकल्प के लिए है।
8. एक बार जब आप चुनौती के लिए कोई प्रश्न चुनते हैं, तो आपको **'Candidate's Claim'** कॉलम के तहत तीन विकल्प दिखाई देंगे।
9. यदि आप इस विकल्प को चुनौती देना चाहते हैं, तो आप **'Candidate's Claim'** कॉलम में दिए गए विकल्पों का उपयोग कर सकते हैं।
10. NEET (UG) - 2022 के लिए **भौतिकी/रसायन विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/प्राणि विज्ञान** के लिए अपने वांछित विकल्प पर क्लिक करने के बाद, नीचे स्क्रॉल कीजिए, **'Submit'** कीजिए, और अगली स्क्रीन पर जाइए।
11. आप अपनी चुनौतियों को प्रदर्शित करने वाली एक स्क्रीन देखेंगे।
12. **'Submit' and Pay Fee Finally'** पर क्लिक कीजिए।
13. भुगतान का तरीका चुनिए और चुनौती दिए गए प्रत्येक प्रश्न/ग्रेड के लिए **₹ 200/-** की दर से प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान कीजिए। **डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/पेटीएम के माध्यम** से भुगतान कीजिए।
14. सफल भुगतान के बाद, उत्तर कुंजी चुनौती रसीद डाउनलोड/प्रिंट कीजिए।